Title: Need to convert Gonda-Gorakhpur via Balrampur Metre-gauge Railway line into broad-gauge.

श्री रिज़वान जहीर (बलरामपुर) : महोदया, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान गोंडा-गोरखपुर वाया बलरामपुर छोटी लाईन की ओर दिलाना चाहता हूं। इसे बड़ी लाईन में बदलने के लिए अनेकों बार अनेक सांसदों द्वारा आग्रह किया जाता रहा है। सरकार ने इसे बड़ी रेलवे लाईन में बदलने हेतु सर्वे भी काफी समय पहले करवाया था, परन्तु किन्हीं कारणो की वजह से यह कार्य बीच में ही रूक गया। इस रेलवे लाईन से करीब सात संसदीय क्षेत्र जुड़े हुए हैं और यहां के विकास के लिए इसे बड़ी लाईन में बदलना अत्यंत आवश्यक है।

अत: मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह गोंडा-गोरखपुर वाया बलरामपुर छोटी लाईन को बड़ी रेलवे लाईन में शीघ्र बदलवाने की व्यवस्था करें।

(इति)